प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे शुरू होगी। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इस दौरान बजट पर जारी चर्चा का जवाब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू देंगे।

किसान सभा

हिमाचल किसान सभा एवं सेब उत्पादक संघ ने कल किसान सभा के बैनर तले विधानसभा के बाहर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने पंचायत भवन से लेकर चौड़ा मैदान तक मार्च निकाला। इस दौरान किसानों ने प्रदेश में विभिन्न कानून के तहत बेदखली और कृषि भूमि के नियमितीकरण के मुद्दों पर जमकर नारेबाजी की। किसान सभा के अध्यक्ष कुलदीप तंवर ने कहा कि किसानों, बागवानों द्वारा इस रैली के माध्यम से कृषि भूमि के नियमितीकरण और बेदखली के मसलों को सरकार के समक्ष रखा गया है। उन्होने कहा कि किसान के विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में किसानों के खिलाफ बेदखली की मुहिम एक गंभीर समस्या बन गई है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धरना स्थल पर जाकर किसानों की मांगों को सुना। किसानों ने इस दौरान मुख्यमंत्री को 21 सूत्रीय मांगपत्र भी सौपा। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन

हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के महा प्रबंधक व चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले को लेकर आज विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात एक ज्ञापन सौपेंगे जिसमें विमल नेगी की मौत की सी बी आई जांच की मांग की जाएगी। विधानसभा में भी विपक्ष लगातार इस मामले को उठा रहा है और बीते कल भी सरकार से इस मामले को लेकर सी बी आई जांच करवाने की मांग की थी।

किसान मेला

शिमला के समीप बनूटी में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन कल किया जाएगा। जिला प्रोद्योगिकी अभिकरण के परियोजना निदेशक देवी चंद कश्यप ने बताया कि इस मेले में मुख्यातिथि के रूप में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह शिरकत करेंगे। इस मेले में लगभग एक हजार किसान भाग लेंगे। इस दौरान प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रदशर्नियां भी लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि किसानों को जानकारी देने के लिए वैज्ञानिक एवं उत्कृष्ट किसान भाग लेंगे। इस दौरान अच्छा कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन विभाग और राष्ट्रीय अजीविका मिशन की प्रदशर्नियां भी लगाई जांएगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को आकाशवाणी पर मन की कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800—11—7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जांएगे।

वन संरक्षण

आज अन्तरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य वनों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस दिवस की महत्ता को तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन—जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को 133 ईको टास्क फोर्स द्वारा मेगा पौधरोपण तथा पर्यावरण जागरूकता अभियान सह स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। हर वर्ष 21 मार्च को अन्तरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शिमला की ग्राम थली में विभिन्न प्रजातियों के 1200 पौधे जबकि सरी में 1500 से अधिक पौधे रोपित किए गए। इस अभियान में एन सी सी व स्कूल के छात्रों, स्वयं सेवी संस्थाओं व महिला मंडल के सदस्य सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सुर्खिया समाचार पत्रों से..........

अमर उजाला का शीर्षक है सी बी आई जांच पर अड़ा रहा विपक्ष वाकआउट, मीणा को छुटटी पर भेजा। पंजाब केसरी और दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है विधानसभा में विमल नेगी मौत मामले में विपक्ष का हंगामा, सदन से वाकआउट।

हिमाचल पर लगी सीलिंग हटाए केंद्र सरकार शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है सीएम सुक्खू ने केंद्रीय वित्त मंत्री के सामने रखी बात। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं आर्थिक बंदिशों की बहाली को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री से मिले सीएम सुक्खू।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है बगैर समय सीमा के आवंटित विद्युत परियोजनाओं को वापस लेने के लिए ली जा रही है कानूनी राय।